# Chapter 1 अंशपूँजी के लिए लेखांकन

**1. अंशधारी प्राप्त करते हैं -**

( A ) ब्याज

( C ) कमीशन

( B ) लाभांश

( D ) लाभ

**Ans : ( B ) लाभांश**

**2. अंशों के निर्गमन पर बट्टा है -**

( A ) पूँजीगत लाभ

( B ) पूँजीगत हानि

( C ) आयगत लाभ

( D ) आयगत हानि

**Ans : ( B ) पूँजीगत हानि**

**3. अंशों का अधिमूल्य पर निर्गमन है -**

( A ) पूँजीगत लाभ

( B ) पूँजीगत हानि

( C ) सामान्य लाभ

( D ) सामान्य हानि

**Ans : ( A ) पूँजीगत लाभ**

4. **कम्पनी अधिनियम , 2013 के प्रावधानों के अनुसार एक निजी कम्पनी में सदस्यों की अधिकतम संख्या हो सकती है -**

( A ) 50

( B ) 70

( C ) 200

( D ) 100

Ans : ( C ) 200

**5. अंश आबंटन खाता है -**

( A ) व्यक्तिगत खाता

( B ) वास्तविक खाता

( C ) नाममात्र खाता

( D ) इनमें से कोई नहीं

**Ans : (A) व्यक्तिगत खाता**

**6. अंशों के निर्गमन पर छूट खाता को दिखाया जाता है -**

( A ) लाभ - हानि खाते के डेबिट पक्ष में

( B ) लाभ - हानि खाते के क्रेडिट पक्ष में

( C ) आर्थिक चिट्ठा के सम्पत्ति पक्ष में

( D ) आर्थिक चिट्ठा के दायित्व पक्ष में

**Ans : ( C ) आर्थिक चिट्ठा के सम्पत्ति पक्ष में**

**7. अधिकृत पूँजी का वह अंश जिसे सिर्फ कम्पनी के समापन पर ही माँगा जा सकता है , कहलाता है -**

( A ) निर्गमित पूँजी

( B ) याचित पूँजी

( C ) अयाचित पूँजी

( D ) आरक्षित पूँजी

**Ans : ( D ) आरक्षित पूँजी**

**8. अंशों के निर्गमन पर अधिलाभ का उपयोग किया जा सकता है -**

( A ) बोनस अंशों के निर्गमन के लिए

( B ) लाभ के वितरण के लिए

( C ) सामान्य संचय में हस्तान्तरण के लिए

( D ) ये सभी

**Ans : ( A ) बोनस अंशों के निर्गमन के लिए**

**9. यदि ₹ 10 वाला समता अंश ₹ 12 पर निर्गमित किया जाता है तो इसे कहा जाता है -**

(A ) सममूल्य पर निर्गमन

( B ) अधिमूल्य पर निर्गमन

( C ) कटौती पर निर्गमन

( D ) इनमें से कोई नहीं

**Ans : ( B ) अधिमूल्य पर निर्गमन**

**10. अंशधारियों के लिए लाभांश है -**

( A ) कर देय राशि

( B ) कर - मुक्त राशि

( C ) ब्याज

( D ) इनमें से कोई नहीं

**Ans : ( B ) कर - मुक्त राशि**

**11. वह अधिकतम राशि जिससे अधिक कम्पनी को अपने अंशों के निर्गमन द्वारा कोष जुटाने की आज्ञा नहीं है , कहलाती है -**

( A ) निर्गमित पूँजी

( B ) संचय पूँजी

( C ) अधिकृत पूँजी

( D ) अभियाचित पूँजी

**Ans : ( C ) अधिकृत पूँजी**

**12. अग्रिम याचना पर ब्याज दिया जाता है -**

( A ) 8 % प्रतिवर्ष

( B ) 12 % प्रतिवर्ष

( C ) 5 % प्रतिवर्ष

( D ) इनमें से कोई नहीं

**Ans : ( B ) 12 % प्रतिवर्ष**

**13. कम्पनी अधिनियम के अनुसार , केवल अधिमान अंश जो में शोध्य हाँ , जारी किये जा सकते हैं -**

( A ) 24 वर्ष

( B ) 25 वर्ष

( C ) 30 वर्ष

( D ) 20 वर्ष

**Ans : ( D ) 20 वर्ष**

**14. इनमें से कम्पनी की पंजीकृत पूँजी कौन - सी है ?**

( A ) प्रदत्त पूँजी

( B ) अयाचित पूँजी

( C ) अधिकृत पूँजी

( D ) निर्गमित पूँजी

**Ans : ( C ) अधिकृत पूँजी**

**15. लाभांश सामान्यतः " ............ पर दिया जाता है -**

( A ) अधिकृत पूँजी

( B ) निर्गमित पूँजी

( C ) माँगी गई पूँजी

( D ) प्रदत्त पूँजी

**Ans : ( D ) प्रदत्त पूँजी**

**16. यदि विक्रेताओं को ₹ 1,20,000 की शुद्ध सम्पत्तियों के प्रतिफल में ₹ 1,00,000 के पूर्णदत्त अंश निर्गमित किये जायें तो शेष ₹ 20,000 जमा किये जायेंगे -**

( A ) ख्याति खाते में

( B ) पूँजी संचय खाते में

( C ) विक्रेता के खाते में

( D ) लाभ - हानि खाते में

**Ans : ( B ) पूँजी संचय खाते में**

**17. जब प्रवर्तकों को अंश निर्गमित किये जाते हैं तो किस खाते को डेबिट किया जायेगा**

( A ) अंश पूँजी खाता

( B ) सम्पत्ति खाता

( C ) प्रवर्तक खाता

( D ) ख्याति खाता

**Ans : ( D ) ख्याति खाता**

**18. कम्पनी अधिनियम , 2013 की धारा 52 के अनुसार , प्रतिभूति प्रीमियम खाते की राशि का उपयोग निम्न उद्देश्य के लिये नहीं किया जा सकता -**

( A ) सम्पूर्ण दत्त अंशों का निर्गमन

( B ) कम्पनी की हानियों का अपलेखन

( C ) प्रारम्भिक व्ययों का अपलेखन

( D ) अंशों के निर्गमन पर कटौती का अपलेखन

**Ans : ( B ) कम्पनी की हानियों का अपलेखन**

**19. 10,000 समता अंश प्रत्येक ₹ 10 के जनता को ₹ 2 प्रति अंश प्रीमियम पर जारी किये गये । 12,000 अंशों के लिए आवेदन प्राप्त हुये । प्रतिभूति प्रीमियम खाते की राशि होगी**

( A ) ₹ 20,000

( B ) ₹ 24,000

( C ) ₹ 4,000

( D ) ₹ 1,600

**Ans : ( B ) ₹ 24,000**

**20. A Ltd. ने ₹ 1,80,000 में 1 मशीन खरीदी जिसका भुगतान वह ₹ 100 वाले अंशों के द्वारा 10 % की कटौती पर कर रहा है । वह प्रतिफल के रूप में कितने अंश देगा**

( A ) 2,500

( B ) 2,000

( C ) 1,800

( D ) 3,000

**Ans : ( B ) 2,000**

**21. अधिकार अंश निर्गमित किये जाते हैं**

( A ) प्रवर्तकों को सेवाओं के लिए

( B ) परिवर्तनीय ऋणपत्रों के धारकों को

( C ) विद्यमान अंशधारियों को

( D ) उपरोक्त सभी

**Ans : ( C ) विद्यमान अंशधारियों को**

**22. कम्पनी अधिनियम , 2013 की सारणी ' एफ ' अपनाने पर बकाया याचनाओं पर ब्याज की दर होगी -**

( A ) 10 प्रतिशत प्रतिवर्ष

( B ) 12 % प्रतिशत प्रतिवर्ष

( C ) 9 % प्रतिशत प्रतिवर्ष

( D ) 8 % प्रतिशत प्रतिवर्ष

**Ans : ( A ) 10 प्रतिशत प्रतिवर्ष**

**23. एक कम्पनी ₹ 1,00,000 की पूँजी से निबंधित होती है जो ₹ 10 वाले 10,000 अंशों में विभाजित है । इनमें से 9,990 अंश राजीव द्वारा धारित हैं और 10 अंश संजय द्वारा धारित हैं । कानून की दृष्टि में यह है**

( A ) साझेदारी

( B ) निजी कम्पनी

( C ) सार्वजनिक कम्पनी

( D ) सरकारी कम्पनी

**Ans : ( B ) निजी कम्पनी**

**11. निम्न में से किसे प्रदत्त पूँजी ज्ञात करने के लिए घटाया जाना चाहिए -**

( A ) अग्रिम याचना

( B ) बकाया मांग

( C ) अंश हरण

( D ) अंशों के निर्गमन पर बट्टा

**Ans : ( B ) बकाया मांग**

**12. प्रतिभूति प्रीमियम का प्रयोग इस उद्देश्य के लिए किया जाता है -**

( A ) ख्याति को अपलिखित करने के लिए

( B ) पूर्वाधिकार अंशों के शोधन पर देय प्रीमियम के लिए

( C ) पूँजीगत हानियों के अपलेखन के लिए

( D ) लाभांश देने के लिए

**Ans : ( C ) पूँजीगत हानियों के अपलेखन के लिए**

**13. संचित अंश पूँजी का आशय है**

( A ) अधिकृत पूँजी का अंश जिसे प्रारम्भ में माँगा जाना है

( B ) अयाचित पूँजी का भाग जिसे सिर्फ समापन पर माँगा जाएगा

( C ) अधिविक्रीत पूँजी

( D ) अल्प अभिदानित पूँजी

**Ans : ( B ) अयाचित पूँजी का भाग जिसे सिर्फ समापन पर माँगा जाएगा**

**14. जब किसी याचना पर राशि देय हो परन्तु यह प्राप्त नहीं होती है तो कमी को डेबिट किया जाता है**

( A ) अग्रिम याचना

( B ) बकाया याचना

( C ) अंश पूंजी

( D ) उचन्ती खाता

**Ans : ( B ) बकाया याचना**

**15. प्रार्थित पूँजी और याचित पूँजी के अन्तर को कहा जाता है**

( A ) बकाया याचना

( B ) अग्रिम याचना

( C ) अयाचित पूँजी

( D ) इनमें से कोई नहीं

**Ans : ( C ) अयाचित पूँजी**

**16. अशों के निर्गमन के पूर्व कौन - सा विवरण निर्गत ( जारी ) किया जाता है ?**

( A ) प्रविवरण पत्र

( B ) अन्तर्नियम

( C ) सीमा पार्षद नियम

( D ) ये सभी

**Ans : ( A ) प्रविवरण पत्र**

**17. A लिमिटेड ने B लिमिटेड से ₹ 11,25,000 मूल्य की सम्पत्तियाँ प्रत्येक ₹ 100 वाले अंशों को 25 % प्रीमियम पर निर्गमन द्वारा खरीदीं । क्रय प्रतिफल के लिए A लिमिटेड द्वारा निर्गमित किये जाने वाले अंशों की संख्या है**

( A ) 9,000 अंश

( B ) 11,250 अंश

( C ) 14,063 अंश

( D ) 7,500 अंश

**Ans : ( A ) 9,000 अंश**

**18. कम्पनी प्रतिभूति प्रीमियम का प्रयोग कर सकती है -**

( A ) सम्पत्ति का पुनर्मूल्यांकन करने में होने वाली हानि को अपलिखित करने में

( B ) पूर्ण प्रदत्त बोनस अंशों का निर्गमन करने के लिए

( C ) लाभांश देने के लिए

( D ) व्यापारिक हानि को अपलिखित करने में

**Ans : ( B ) पूर्ण प्रदत्त बोनस अंशों का निर्गमन करने के लिए**

**19. जब कम्पनी प्रीमियम पर अंशों का निर्गमन करती है तो प्रीमियम की राशि , कम्पनी द्वारा प्राप्त की जा सकती है -**

( A ) आवेदन राशि के साथ

( B ) आबण्टन राशि के साथ

( C ) याचनाओं के साथ

( D ) उपर्युक्त में से किसी के भी साथ

**Ans : ( D ) उपर्युक्त में से किसी के भी साथ**

**20. अंश आवेदन खाता है -**

( A ) व्यक्तिगत खाता

( B ) वास्तविक खाता

( C ) नाममात्र खाता

( D ) इनमें से कोई नहीं

Ans : ( A ) व्यक्तिगत खाता

**21. कम्पनी अधिनियम के प्रावधानों के अन्तर्गत एक कम्पनी निर्गमित कर सकती है**

( A ) केवल समता अंश

( B ) केवल पूर्वाधिकारी अंश

( C ) समता अंश और पूर्वाधिकार अंश

( D ) समता अंश , पूर्वाधिकार अंश और अस्थगित अंश

**Ans : ( C ) समता अंश और पूर्वाधिकार अंश**

**22. दायित्वों की कुल राशि में सम्मिलित होती है -**

( A ) अधिकृत पूँजी

( B ) निर्गमित पूँजी

( C ) प्रार्थित पूँजी

( D ) चुकता पूँजी

**Ans : ( D ) चुकता पूँजी**

**23. प्रतिभूति प्रीमियम का प्रयोग नहीं हो सकता -**

( A ) सदस्यों को लाभांश बाँटने के लिए

( B ) सदस्यों को बोनस अंशों के निर्गमन के लिए

( C ) कम्पनी के प्रारम्भिक व्ययों के अपलेखन के लिए

( D ) ऋणपत्रों के निर्गमन के बट्टे के अपलेखन के लिए

**Ans : ( A ) सदस्यों को लाभांश बाँटने के लिए**

**24. अधिकार अंश वे अंश हैं जिन्हें -**

( A ) कम्पनी के निर्देशकों को निर्गमित किया जाता है

( B ) कम्पनी के वर्तमान अंशधारकों को निर्गमित किया जाता है

( C ) कम्पनी के प्रवर्तकों को निर्गमित किया जाता है

( D ) सम्पत्तियाँ खरीदने के लिये विक्रेताओं को निर्गमित किया जाता है

**Ans : ( B ) कम्पनी के वर्तमान अंशधारकों को निर्गमित किया जाता है**

**25. कम्पनी अधिनियम , 2013 की किस धारा के प्रावधानों के अन्तर्गत कोई कम्पनी बट्टे पर अंशों का निर्गमन नहीं कर सकती है -**

( A ) 78

( B ) 53

( C ) 52

( D ) 53

**Ans : ( B ) 53**

**26. कम्पनी द्वारा याचना किये जाने से पूर्व ही अंशधारियों से अग्रिम राशि की प्राप्ति को -**

( A ) बकाया माँग राशि में डेबिट किया जाता है

( B ) अग्रिम माँग राशि में क्रेडिट किया जाता है

( C ) अग्रिम माँग राशि में डेबिट किया जाता है

( D ) इनमें से कोई नहीं

**Ans : ( B ) अग्रिम माँग राशि में क्रेडिट किया जाता है**

**27. समता अंशधारी होते हैं**

( A ) कम्पनी के लेनदार

( B ) कम्पनी के स्वामी

( C ) कम्पनी के ग्राहक

( D ) इनमें से कोई नहीं

**Ans : ( B ) कम्पनी के स्वामी**

**28. एक कम्पनी अपने अंशों को प्रीमियम पर भारतीय कम्पनी अधिनियम , 2013 की किस धारा के अन्तर्गत जारी करती है ?**

( A ) 78

( B ) 52

( C ) 79

( D ) 80

**Ans : ( B ) 52**

**29. समता अंशधारक कम्पनी के होते हैं -**

( A ) बैंकर्स

( B ) लेनदार

( C ) देनदार

( D ) स्वामी

**Ans : ( D ) स्वामी**

**30. संचय पूँजी का अर्थ है**

( A ) अभिप्रार्थित अयान्त्रित पूँजी का एक भाग

( B ) संचित लाभ

( C ) पूँजी संचय का हिस्सा

( D ) पूँजी शोधन संचय का एक हिस्सा

**Ans : ( A ) अभिप्रार्थित अयान्त्रित पूँजी का एक भाग**

**31. प्रतिभूति प्रीमियम खाते को आर्थिक चिट्ठे में किसके अन्तर्गत दिखाया जाता है ?**

( A ) संचय तथा आधिक्य

( B ) विविध व्यय

( C ) चालू दायित्व

( D ) अंश पूँजी

**Ans : ( A ) संचय तथा आधिक्य**

**32. अंशों का निर्गमन किया जा सकता है –**

( A ) सममूल्य पर

( B ) प्रीमियम पर

( C ) बट्टे पर

( D ) उपरोक्त सभी

**Ans : ( D ) उपरोक्त सभी**

**33. कम्पनी के दायित्वों में जोड़े जाने वाली पूँजी कहलाती है**

( A ) अधिकृत पूँजी

( B ) निर्गमित पूँजी

( C ) प्रार्थित पूँजी

( D ) चुकता पूँजी

**Ans : ( D ) चुकता पूँजी**

**34. अंशों के वापस क्रय ( Buy - back ) की क्या शर्तें हैं ?**

( A ) वापस क्रय के सभी अंश पूर्णतः चुकता होने चाहिए

( B ) अंशों का वापस क्रय कम्पनी की कुल चुकता पूँजी एवं मुक्त संचय के 25 % अधिक नहीं होनी चाहिए

( C ) कम्पनी का अन्तर्नियम ऐसा करने के लिए अधिकृत करता हो

( D) उपरोक्त सभी

**Ans : ( D ) उपरोक्त सभी**

**35. अंशों का ऐसा निर्गमन जो सार्वजनिक निर्गमन नहीं है बल्कि कुछ चुने हुए व्यक्तियों को निर्गमित किये जाते हैं ; कहलाता है -**

( A ) सार्वजनिक प्रस्ताव

( B ) अंशों की निजी व्यवस्था

( C ) प्रारम्भिक सार्वजनिक प्रस्ताव

( D ) इनमें से कोई नहीं

**Ans : ( B ) अंशों की निजी व्यवस्था**

**36. एसक्रो खाते में किसे शामिल किया जाता है ?**

( A ) एक व्यावसायिक बैंक के पास जमा

( B ) मर्चेण्ट बैंक के पक्ष में बैंक गारन्टी

( C ) उचित मार्जिन के अन्तर्गत जमा की गई प्रतिभूति

( D ) उपरोक्त सभी

**Ans : ( D ) उपरोक्त सभी**

**37. कम्पनी अपने अंशों को भारतीय कम्पनी अधिनियम , 2013 की किस धारा के अन्तर्गत प्रीमियम पर जारी कर सकती है ?**

( A ) 52

( B ) 53

( C ) 54

( D ) 78

**Ans : ( A ) 52**

**38. कम्पनी द्वारा कम्पनी अधिनियम , 2013 की तालिका ' एफ ' के अपनाये जाने पर बकाया याचना की राशि पर ब्याज वसूलने की दर प्रतिवर्ष होगी -**

( A ) 5 %

( B ) 6 %

( C ) 10 %

( D ) 12 %

**Ans : ( C ) 10 %**

**39. यदि कम्पनी अधिनियम , 2013 की तालिका ' एफ ' अपनायी गई है तो अग्रिम दत्त राशि पर कम्पनी द्वारा प्रतिशत प्रतिवर्ष के द्वारा ब्याज चुकाया जाएगा ।**

( A ) 6

( B ) 12

( C ) 8

( D ) 10

**Ans : ( B ) 12**

**40. कम्पनी अधिनियम , 2013 की किस धारा के अन्तर्गत एक कम्पनी स्वैट समता अंशों का निर्गमन कर सकती है ?**

( A ) 52

( B ) 53

( C ) 54

( D ) 55

**Ans : ( C ) 54**

**41. एक कम्पनी अधिनियम , 2013 की किस धारा के अन्तर्गत एक कम्पनी अपने सदस्यों को पूर्णत : दत्त बोनस अंशों का निर्गमन कर सकती है ?**

( A ) 52

( B ) 53

( C ) 54

( D ) 63

**Ans : ( D ) 63**